भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1712**
दिनांक 10.02.2026 को उत्तरार्थ

## उत्तर प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के लिए अनुदान

1712. श्री सनातन पांडेयः

क्या **पंचायती राज** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पंचायती राज मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश को जारी किए गए अनुदानों का जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त अनुदान उक्त अवधि के दौरान समय से जारी किए गए हैं;

(ग) यदि हां, तो अब तक जारी किए गए अनुदानों का योजनावार/वर्षवार और बलिया जिले सहित जिलावार ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त अवधि के दौरान उपयोग किए गए उक्त अनुदानों का क्षेत्रवार ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

पंचायती राज मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) से (ग) पिछले पांच वर्षों अर्थात वर्ष 2020-21 से वर्ष 2024-25 के दौरान उत्तर प्रदेश को (i) संशोधित/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए), (ii) पंचायतों को प्रोत्साहन (आईओपी) और (iii) स्वामित्व (गाँव की आबादी का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत तकनीक के साथ मानचित्रण) योजनाओं के तहत पंचायती राज मंत्रालय द्वारा जारी योजना-वार और वर्ष-वार धनराशि निम्नानुसार है:

*(करोड़ रुपये में)*

| वर्ष | आरजीएसए ^ | आईओपी @ | स्वामित्व# |
|---|---|---|---|
| 2020-21 | 32.54 | 4.79 | 1.45 |
| 2021-22 | 83.08 | 4.78 | 0.00 |
| 2022-23 | 85.05 | 3.83 | 0.00 |
| 2023-24 | 84.13 | 1.75 | 0.00 |
| 2024-25 | 38.77 | 1.01 | 0.00 |

^ धनराशि जिलों को सीधे जारी नहीं की जाती है। राज्य जिलों को धनराशि जारी करते हैं।
@ धनराशि आवंटित नहीं की जाती है, परंतु केवल राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार विजेता पंचायतों को जारी की जाती है।
# योजना वर्ष 2020-21 से कार्यान्वित की जा रही है।

उत्तर प्रदेश में विभिन्न स्तरों पर पुरस्कार विजेता पंचायतों के लिए जारी की गई पुरस्कार राशि के आधार पर, आईओपी योजना के तहत जिलेवार और वर्षवार निधि व्यय का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

आरजीएसए योजना के अंतर्गत अनुदानों का रिलीज वार्षिक कार्य योजना की समय पर प्राप्ति एवं अनुमोदन, (आरजीएसए के लिए) राज्य के समतुल्य हिस्से का योगदान तथा पिछले अनुदानों के उपयोगिता प्रमाणपत्रों की प्राप्ति पर आधारित है। आईओपी योजना के अंतर्गत अनुदानों का रिलीज पिछले अनुदानों के उपयोगिता प्रमाणपत्रों की समय पर प्राप्ति पर निर्भर है।

(घ) राज्य द्वारा आरजीएसए योजना के तहत 790.7 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग किया गया है, जिसमें राज्य का हिस्सा 323.57 करोड़ रुपये, राज्य का मिलान हिस्सा 215.71 करोड़ रुपये और पिछले वर्षों का 251.42 करोड़ रुपये का अप्रयुक्त शेष शामिल है। यह राशि पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों और उनके पदाधिकारियों की क्षमता निर्माण और ग्राम पंचायत भवन, कंप्यूटर और अन्य सहायक उपकरणों जैसे बुनियादी ढांचे के लिए उपयोग की गई है। आईओपी योजना के तहत जारी की गई ₹16.16 करोड़ की पूरी धनराशि का प्रयोग राज्य की राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रतियोगिताओं के तहत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली चुनी गई पंचायतों को सेवाओं और सार्वजनिक वस्तुओं की प्रदायगी में सुधार के लिए उनके अच्छे काम की मान्यता में दिये गए वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में किया गया है। सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियों के लिए स्वामित्व योजना के तहत जारी किए गए Rs.1.45 करोड़ रुपये में से, योजना के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता पैदा करने और राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई की स्थापना के लिए, राज्य द्वारा किसी भी धनराशि का उपयोग नहीं किया गया है।

***

**अनुलग्नक**

**उत्तर प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के लिए अनुदान के संबंध में दिनांक 10.02.2026 को लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1712 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**वर्ष 2020-21 से 2024-25 के दौरान उत्तर प्रदेश में पंचायतों के विभिन्न स्तरों के लिए वर्षवार और जिलावार पुरस्कार-राशि।**

**(रुपये लाख में)**

| जिले का नाम | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
|---|---|---|---|---|---|
| आगरा | 8 | - | 24 | - | - |
| अमेठी | - | 8 | - | - | - |
| औरैया | 8 | 16 | 8 | - | - |
| अयोध्या | - | - | 20 | - | - |
| बागपत | - | 16 | - | - | - |
| बांदा | 20 | - | - | - | - |
| बाराबंकी | 33 | 8 | - | - | - |
| बरेली | - | - | 17 | - | 75 |
| बस्ती | - | - | 16 | - | - |
| बिजनौर | - | 20 | - | - | - |
| चन्दौली | 16 | - | - | - | - |
| देवरिया | 37 | - | 25 | - | - |
| एटा | - | 8 | - | - | - |
| इटावा | - | 13 | - | - | - |
| फिरोजाबाद | - | 45 | - | - | - |
| गाजियाबाद | 8 | 8 | - | - | - |
| गोरखपुर | 16 | 16 | - | - | - |
| हमीरपुर | 16 | - | - | - | - |
| हापुड़ | 50 | 58 | - | - | - |
| जालौन | 30 | 13 | 63 | - | - |
| झांसी | 16 | 8 | 41 | - | - |
| कानपुर नगर | - | 16 | - | - | - |
| लखीमपुर खीरी | 8 | - | - | - | - |
| कुशीनगर | - | - | 8 | - | - |
| लखनऊ | 16 | - | - | - | - |
| मैनपुरी | 8 | - | - | - | - |
| मथुरा | - | 30 | 33 | - | - |
| मिर्जापुर | - | - | 50 | - | - |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मुरादाबाद | 50 | 8 | 16 | 125 | 26* |
| मुजफ्फरनगर | 12 | 8 | 17 | - | - |
| प्रतापगढ़ | 8 | 10 | - | - | - |
| प्रयागराज | 12 | - | - | - | - |
| रामपुर | - | 33 | - | - | - |
| संभल | - | 12 | - | - | - |
| संत कबीर नग | - | 8 | - | - | - |
| शामली | 8 | 50 | 12 | - | - |
| सिद्धार्थ नगर | 41 | 41 | 33 | 50 | - |
| सोनभद्र | 8 | - | - | - | - |
| सुल्तानपुर | 50 | - | - | - | - |
| उन्नाव | - | 25 | - | - | - |

* शेष 24 लाख रुपये की राशि 2025-26 में जारी की गई थी।

***